**Need to establish sports stadium in North East Delhi Parliamentary Constituency-Laid**

श्री मनोज तिवारी **(**उत्तर**-**पूर्व दिल्ली**) :** मैं सरकार का ध्यान उत्तर पूर्वी दिल्ली में खेल सुविधाओं की कमी की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । यह क्षेत्र घनी आबादी वाला है, जहाँ हजारों युवा खेलों में रुचि रखते हैं, लेकिन समर्पित खेल स्टेडियम और बुनियादी सुविधाओं के अभाव में वे अपनी प्रतिभा निखार नहीं पा रहे । इससे युवा नशे और असामाजिक गतिविधियों की ओर भी बढ़ रहे हैं । उत्तर पूर्वी दिल्ली में कोई समर्पित खेल स्टेडियम नहीं है, जिससे खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए सही स्थान नहीं मिलता । प्रशिक्षण सुविधाओं के अभाव में स्थानीय खिलाड़ी अन्य जिलों या राज्यों की ओर रुख कर रहे हैं । खेल मैदानों की कमी के कारण युवाओं के पास सीमित अवसर हैं । क्षेत्र में एक या अधिक आधुनिक खेल स्टेडियमों का निर्माण किया जाए । स्थानीय खेल मैदानों को अपग्रेड कर कोचिंग, फ्लडलाइट और अन्य सुविधाएँ दी जाएँ । स्पोर्ट्स स्कॉलरशिप और प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाएँ । स्कूल-कॉलेज स्तर पर खेल सुविधाओं का विस्तार किया जाए । खेल क्षेत्र में रोजगार बढ़ाने के लिए कोचिंग और प्रबंधन पदों का सृजन किया जाए । अतः मैं सरकार से अनुरोध करता हूँ कि उत्तर पूर्वी दिल्ली में शीघ्र खेल स्टेडियमों का निर्माण कर युवाओं को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर दिया जाए ।